Live हिन्दुस्तान.com

# उग्रवादी कर रहे हैं नकली नोट का कारोबार

Published By: Newswrap | हिन्दुस्तान टीम,रांची

Last updated: Mon, 08 Jun 2020 09:56 PM

झारखंड में उग्रवादियों के द्वारा नकली नोट का कारोबार किया जा रहा है, पुलिस की जांच में इस बात की पुष्टी हुई है। झारखंड के सभी जिले के एसपी को नकली नोट के कारोबार होने की सूचना दी गई है।

एसएसपी अनीश गुप्ता ने जिले के सभी डीएसपी और थानेदारों से रिपोर्ट मांगी है कि किस-किस इलाके में नकली नोट का कारोबार फैल रहा है। रिपोर्ट तैयार करने के बाद पुलिस की ओर से क्या कार्रवाई की गई, इस पर डीएसपी और थानेदारों को रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। ग्रामीण इलाकों के थानेदारों को विशेष रूप से काम करने के लिए कहा गया है। नकली नोट के मामले में एसएसपी खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। हाल के दिनों में पंडरा पुलिस ने एक व्यक्ति को नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया था, लेकिन पूछताछ के क्रम में उसने पुलिस को ज्यादा जानकारी नहीं दी थी। उसका कहना था कि उसे सड़क पर नोट गिरा हुआ मिला था। इस मामले में पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

आरोपियों से जेल में जाकर पूछताछ करेगी पुलिस

रांची पुलिस का कहना है कि नकली नोट के साथ कई लोगों को पकड़ कर जेल भेजा गया है। ज्यादातर आरोपी जेल में बंद हैं। पुलिस जेल जाकर आरोपियों ने नकली नोट के बारे में जानकारी लेगी। कई उग्रवादी भी जेल में मौजूद हैं। पुलिस उनसे भी पूछताछ करने जल्द ही जेल जाएगी।

मांडर में नकली नोट छापने की मशीन के साथ हुआ था गिरफ्तार

मांडर पुलिस ने कुछ दिन पहले आसिफ अंश को नकली नोट छापने की मशीन के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आसिफ ने बयान दिया था कि उसने बेंगलुरु से पढ़ाई करने के बाद मांडर में क्लीनिक चला रहा था। क्लीनिक की आड़ में वह नकली नोट का कारोबार कर रहा था। लेकिन इसकी सूचना पुलिस को मिल गई और पकड़ लिया गया।

Source: https://www.livehindustan.com/jharkhand/ranchi/story-militants-are-doing-business-of-fake-notes-3268123.html